# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**CUH signed MoU with Adarsh Mahila Mahavidyalaya**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 20-05-2023**

# हकेवि के साथ हुआ आदर्श महिला महाविद्यालय का एमओयू समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर, विद्यार्थी-शिक्षक मिलकर करेंगे अध्ययन

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ व आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी अब अध्ययन, अध्यापन व अनुसंधान के मोर्चे पर मिलकर कार्य करेंगे। इस सबंध में दोनों ही संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। हकेवि की ओर से कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी की ओर से महाविद्यालय की प्राचार्या सुश्री रचना अरोड़ा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर हकेवि की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, वित्त अधिकारी डॉ. विकास गर्ग, सहायक कुलसचिव श्री जितेंद्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह समझौता अहम भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी इस करार को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे समझौता ज्ञापन निश्चित ही दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों व शिक्षकों के कौशल विकास में मददगार साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर पर विकास करता है, बल्कि उन्हें दूसरी संस्कृति और संस्कारों से भी जोड़ता है। युवा पीढ़ी को संस्कारित करना किसी भी शिक्षण संस्थान का उद्देश्य होना चाहिए। इस पर हकेवि खरा उतरता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने परिसर से बाहर निकलकर दूसरे परिसर में जाकर पढ़ने और पढ़ाने के लिए सकारात्मक रहना चाहिए। एक्सचेंज प्रोग्राम में भाग लेना व उससे सीखना तभी संभव हो सकता है, जब हम अपनी संस्कृति के साथ दूसरी संस्कृति में बिना किसी झिझक और सहज भाव से घुल-मिल सकें। अनुशासन विद्यार्थी और शिक्षक दोनों के लिए जरूरी है। सीखने की सबसे पहली सीढ़ी अनुशासन ही है। जहां इसकी कमी



होगी, वहां पर सीखने की गुंजाइश भी कम होगी। आदर्श महिला महाविद्यालय के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के साथ समझौता करके उन्हें बेहद खुशी हुई है। छात्राओं और अपने शिक्षकों के हित में जो भी कदम उठाए जा सकते हैं, महाविद्यालय परिवार इसके लिए सदा अग्रणी रहता है। छात्राओं की गुणवत्तापरक व रोजगार परक शिक्षा पर तो ध्यान देते ही हैं, साथ ही शिक्षकों को अपडेट रखने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम भी करते रहते हैं, जिससे कि उनका ज्ञान और अधिक बढ़े। क्योंकि एक व्यक्ति जीवनभर सीखता है। महाविद्यालय प्राचार्या रचना अरोड़ा ने कहा कि आदर्श महिला महाविद्यालय ने सदा ही एक आदर्श स्थापित किया है। ग्रामीण अंचल की बेटियों की उच्च शिक्षा का यह महत्त्वपूर्ण केंद्र है। समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय महासचिव अशोक बुवानीवाला के साथ प्राचार्या रचना अरोड़ा वाणिज्य विभाग से नीरू चावला, डॉ. अमिता गाबा व अनीता वर्मा उपस्थित रहे ।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 20-05-2023**

**विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में**

# हकेंवि व आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी ने साइन किया 'एम.ओ.यू.'

**■ विद्यार्थी, शिक्षक मिलकर करेंगे अध्ययन, अध्यापन**

महेंद्रगढ़, 19 मई, (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ व आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी अब अध्ययन, अध्यापन व अनुसंधान के मोर्चे पर मिलकर कार्य करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

हकेंवि की ओर से कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी की ओर से महाविद्यालय की प्राचार्या रचना अरोड़ा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर हकेंवि की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, वित्त अधिकारी डॉ. विकास गर्ग, सहायक कुलसचिव जितेंद्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



*समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद हकेंवि की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व आदर्श महिला महाविद्यालय के महासचिव अशोक बुवानीवाला, साथ में अन्य।* (मोहन)

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह समझौता अहम भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी इस करार को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे समझौता ज्ञापन निश्चित ही दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों व शिक्षकों के कौशल विकास में मददगार साबित होते हैं।

## युवा पीढ़ी को संस्कारित करना हो शिक्षण संस्थान का उद्देश्य

**उन्होंने** कहा कि विश्वविद्यालय न केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर पर विकास करता है, बल्कि उन्हें दूसरी संस्कृति और संस्कारों से भी जोड़ता है। युवा पीढ़ी को संस्कारित करना किसी भी शिक्षण संस्थान का उद्देश्य होना चाहिए। इस पर हकेंवि खरा उतरता है।

आदर्श महिला महाविद्यालय के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़ के साथ समझौता करके उन्हें बेहद खुशी हुई है। छात्राओं और अपने शिक्षकों के हित में जो भी कदम उठाए जा सकते हैं, महाविद्यालय परिवार इसके लिए सदा अग्रणी रहता है।

उन्होंने यह भी कहा कि हम छात्राओं की गुणवत्तापरक व रोजगार परक शिक्षा पर तो ध्यान देते ही हैं, साथ ही शिक्षकों को अपडेट रखने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम भी करते रहते हैं, जिससे कि उनका ज्ञान और अधिक बढ़े।

समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय महासचिव अशोक बुवानीवाला के साथ प्राचार्या रचना अरोड़ा. वाणिज्य विभाग से नीरू चावला, डॉ. अमिता गाबा व अनीता वर्मा उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 20-05-2023**

# विद्यार्थी व शिक्षक मिलकर करेंगे अध्ययन

## हकेंवि के साथ हुआ आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी का एमओयू

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ व आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी अब अध्ययन, अध्यापन व अनुसंधान के मोर्चे पर मिलकर कार्य करेंगे।

इस संबंध में दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। हकेंवि की ओर से कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी की ओर से प्राचार्य रचना अरोड़ा ने हस्ताक्षर किए। हकेंवि की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, वित्त अधिकारी डॉ. विकास गर्ग, सहायक कुलसचिव जितेंद्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह समझौता अहम भूमिका निभाएगा। सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि ऐसे समझौता ज्ञापन निश्चित ही दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों व शिक्षकों के कौशल विकास में मददगार साबित होते हैं। विश्वविद्यालय न केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर पर विकास करता है बल्कि उन्हें दूसरी संस्कृति और संस्कारों से भी जोड़ता है। युवा पीढ़ी को संस्कारित करना किसी भी शिक्षण संस्थान का उद्देश्य होना चाहिए। इस पर हकेंवि खरा उतरता है। हमें अपने परिसर से बाहर निकलकर दूसरे परिसर में जाकर पढ़ने और पढ़ाने के लिए सकारात्मक रहना चाहिए।



हस्ताक्षर के बाद हकेंवि की सम कुलपति प्रो.सुषमा यादव व आदर्श महिला महाविद्यालय के महासचिव अशोक बुवानीवाला, हकेंवि कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व अन्य। संवाद

आदर्श महिला महाविद्यालय के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के साथ समझौता करके उन्हें खुशी हुई है। छात्राओं और अपने शिक्षकों के हित में जो भी कदम उठाए जा सकते हैं महाविद्यालय परिवार इसके लिए सदा अग्रणी रहता है।

समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय महासचिव अशोक बुवानीवाला के साथ प्राचार्य रचना अरोड़ा, वाणिज्य विभाग से नीरू चावला, डॉ. अमिता गाबा व अनीता वर्मा उपस्थित रहे ।

## प्रवसन की लोक संस्कृति विषय पर व्याख्यान किया

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में प्रवसन की लोक संस्कृति विषय पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान किया गया। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में डॉ. एसआरके आर्ट्स कॉलेज यानम पांडिचेरी के डॉ. धनंजय सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों को विषय को समझने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कमलेश कुमारी ने कहा कि आज जिस प्रकार प्रवासी श्रमिक जो कि देश से विदेश गए वे अपनी लोक संस्कृति को लेकर वहीं बस गए और उन्होंने उस लोक संस्कृति को आज भी बचा कर रखा हुआ है। मुख्य वक्ता डॉ. धनंजय सिंह ने कहा कि विस्थापन विश्व की बड़ी समस्या है और देश में भी विस्थापन का एक दौर था जब मनुष्य अपनी आजीविका की तलाश में अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास कर रहा था। इस प्रक्रिया में लोग अपनी व्यक्तिगत सामाजिकता, आचार- विचार, घर परिवार, भाषा व संस्कृति इत्यादि के साथ प्रवास करते रहे हैं।